MARWADI SAMMELAN'S

B.M.RUIA GIRLS' COLLEGE

NAAC Accredited B+3rd Cycle

AFFILIATED TO S.N.D.T. WOMEN'S UNIVERSITY, MUMBAI.

हिंदी विभाग

सन 1958 में कॉलेज की नींव रखने वाला हिंदी विभाग, छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित है। अपनी स्थापना से लेकर अब तक हिंदी विभाग ने अध्ययन अध्यापन के अनेक प्रतिमान निर्मित किए हैं। महादेवी वर्मा, हरिवंशराय बच्चन, मोहन राकेश, डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी से लेकर अब तक के अनेक मूर्धन्य साहित्यकारों की गरिमामय उपस्थिति से हिंदी विभाग गौरवान्वित होता रहा है।

हम छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील एवं प्रतिबद्ध हैं। हिंदी विभाग की छात्राओं ने सतत मार्गदर्शन के कारण विश्वविद्यालय में श्रेष्ठ प्रदर्शन (गोल्ड मेडल) के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विभाग की पूर्व छात्राएँ देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं।

प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्षः डॉ़ संतोष कौल काक

सहयोगी प्राध्यापकः डॉ. सुनीता मिश्रा

सहायक प्राध्यापकः रामलखन पाल

11, KRISHNA KUNJ, VACHHA GANDHI ROAD, GAMDEVI, GRANT ROAD (WEST), MUMBAI- 4000

TEL : 022 23808130, E MAIL : BMRUIA@YAHOO.COM, WEB : BMRGIRLSCOLLEGE.COM

हिंदी पाठ्यक्रम एवं अध्यापन पद्धति

हिंदी विभाग का पाठ्यक्रम **UGC** के मानकों एवं प्रतिमानों के अनुरूप है। इसके माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। हिंदी विषय से अध्ययन करने वाली छात्राएँ साहित्य के विभिन्न रूपों जैसे कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक आदि के अध्ययन के साथ ही भाषा व भाषाविज्ञान का ज्ञान हासिल करती हैं।

मुख्य विषय हिंदी के साथ ही हिंदी विभाग उन छात्राओं के लिए जो अंग्रेज़ी विषय पढ़ने व समझने में कमजोर होती हैं, उनके लिए हिंदी **CC** नामक एक पेपर ऑफर करता है। इससे छात्राएँ बिना रुकावट के अपनी पढ़ाई पूरी करती हैं।

अंग्रेज़ी भाषा में समर्थ छात्राएँ, मुख्य विषय हिंदी के साथ **English CC** विषय का भी अध्ययन कर सकती हैं तथा अपने लिए रोजगार के एक और अवसर का निर्माण कर सकती हैं ।

हिंदी विभाग की गतिविधियाँ

01-प्रेमचंद सप्ताह की गतिविधियाँ-
प्रेमचंद की कहानियों पर आधारित कथा कथन
नाट्य- प्रस्तुति,
प्रश्न पहेली,
अतिथि व्याख्यान,
थियेटर विजिट।
02- हिंदी सप्ताह की गतिविधियाँ-
भाषण एवं आशुभाषण,
वाद- विवाद,
निबंध लेखन ,
काव्य पाठ(कवि रचित एवं स्वरचित),
अंताक्षरी प्रतियोगिता ।
03- अंतर्महाविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता ।
04- अंतर्महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता ।
05- अंतर्महाविद्यालयीन स्वरचित काव्य-पाठ प्रतियोगिता ।
06-अंतर्महाविद्यालयीन भजन प्रतियोगिता ।
07- अतिथि व्याख्यान का आयोजन ।
08- समसामयिक विषयों पर चर्चा- सत्र एवं संगोष्ठी का आयोजन ।
09- साहित्यकारों की जयंती पर चर्चा सत्र एवं रचना-पाठ।
10- छात्राओं द्वारा प्रपत्र प्रस्तुति ।

हिंदी में रोजगार की संभावनाएँ

01-शिक्षक- प्राइमरी स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक..

02-पत्रकारिताः प्रिंट मीडिया- अनुवादक, पत्रकार, प्रूफ रीडर, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया- टेलीविजन एवं रेडियो संवाददाता ।

03-सिनेमाः पटकथा लेखन, संवाद लेखन, गीत, भाषांतरण(डबिंग) ।

04-बैंकिंगः अनुवादक, हिंदी अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी, राजभाषा अधिकारी।

05-मंत्रालयः केंद्र एवं राज्य सरकार, अनुवादक, द्विभाषिया, राजभाषा निदेशक, सचिवालय, राज्य-केंद्र संबंध ।

06-राष्ट्रीय स्तरः पुस्तक अनुवादक, कोश विज्ञान निर्माण, शब्दावली निर्माण, वैज्ञानिक शब्दावली, समारोह प्रबंधन, उद्घोषक ।

07-रेलवेः शिक्षक, उद्घोषक, हिंदी अधिकारी, राजभाषा निदेशक ।

08-सेना में धर्मगुरु शिक्षक,

09- विज्ञापन लेखन आदि।